NfSt NewsforSpecialTeacher.in

# रीट 2024 आवेदन पत्र मे ऑनलाइन सशुल्क संशोधन हेतु निर्देश/प्रकिया/सलाह

1. अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में ऑनलाइन सशुल्क संशोधन हेतु पोर्टल दिनांक 17.01.2025 से दिनांक 19.01.2025 रात्रि 12.00 बजे तक खुला रहेगा। अतः आपसे आग्रह है कि आपके आवेदन पत्र में कोई संशोधन वांछनीय है तो कृपया उक्त दिनांक तक में संशोधन अवश्य कर लेवे। **उक्त दिनांक में कोई परिवर्तन/नई दिनांक नहीं दी जावेगी अर्थात ऑनलाइन संशोधन का यह एक/अन्तिम अवसर है।**
2. **अभ्यर्थी अपने नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म दिनांक, मोबाईल नम्बर, परीक्षा के लेवल एवं परीक्षा केन्द्र हेतु प्राथमिकता के जिले में कोई परिवर्तन/संशोधन नही कर पायेगें। इसके अतिरिक्त आप सभी प्रविष्टियों में संशोधन कर सकते है ।**
3. सशुल्क संशोधन हेतु आपको Challan Generate for Online Correction लिंक पर क्लिक कर संशोधन हेतु रूपये 200/- का चालान जनरेट करना होगा । संशोधन शुल्क वेरिफाई होने पर आप Online Correction in Fill form लिंक पर जाकर कुछ जानकारी यथा संशोधन हेतु चालान नम्बर,आवेदन कमांक आदि इन्द्राज कर एंव ओटीपी वेरिफाई कर अपना आवेदन पत्र खोल सकते है एवं संशोधन कर सकते है।
4. सर्वप्रथम आपसे आग्रह है कि आप अपने पूर्व में प्रिन्ट किये गये आवेदन पत्र की भलीभांति जांच कर लेवे। तत्पश्चात यदि कोई संशोधन वांछनीय हो तो आवेदन पत्र पर गोला बनाकर संशोधन अंकित कर लेवे।
5. वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक Online Correction in Fill form पर संशोधन हेतु लिंक पर क्लिक करें। तत्पश्चात आपसे कुछ जानकारी जैसे आपका रीट 2024 का संशोधन शुल्क का चालान नम्बर,आवेदन पत्र/रजिस्ट्रेशन कमांक,माता का नाम, जन्म दिनांक आदि भरने पर एवं ओटीपी वेरिफाई करने पर आपका आवेदन पत्र खुल जायेगा। यदि आप ई-मित्र या साइबर कैफे पर अपना संशोधन कर रहे है तो कृपया स्वयं के समक्ष ही संशोधन करवायें ताकि आप सही संशोधन कर सके। **संशोधन की समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी ।**
6. आवेदन पत्र खुलने पर आप अपने नाम, पिता का नाम, माता का नाम,जन्म दिनांक, मोबाईल नम्बर, परीक्षा का लेवल एवं परीक्षा केन्द्र का प्राथमिकता कम में कोई संशोधन नहीं कर पायेगें। इसके अतिरिक्त आप सभी प्रविष्टियों में संशोधन कर सकते है।
7. आप अपने आवेदन पत्र में केवल एक बार ही संशोधन कर सकते है, इसलिये आपसे आग्रह है कि आप अपने पूर्व प्रिन्ट में किये गये आवेदन पत्र में जहॉ संशोधन चाहते है संशोधन मार्क कर लें तत्पश्चात संशोधन हेतु पोर्टल पर जावें एवं संशोधन के पश्चात सबमिट से पूर्व जॉच ले कि आप द्वारा किया गया संशोधन सही स्थान पर एवं सही रूप से किया गया है। एक बार सबमिट करने पर आप किसी भी स्थिति में पुनः संशोधन नही कर पायेगें।